राजस्थान विधान सभा का कार्य-विवरण

अङ्क ६] द्वितीय विधान सभा के छठे सत्र का तेरहवां दिवस [संख्या ६

शनिवार, २२ अगस्त, १९५९.

विधान सभा की बैठक म० पू० ११ बज कर ११ मिनट पर विधानसभा भवन, जयपुर में प्रारम्भ हुई।

(श्री निरंजननाथ आचार्य, उपाध्यक्ष, पदासीन)

तारांकित प्रश्नोत्तर

[आबकारी, देवस्थान, वित्त, पंचायत, राजस्व, पुनर्स्थापन, श्रम स्वास्थ्य, स्वायत्त-शासन तथा समाज कल्याण– विभाग]

श्री उपाध्यक्ष : प्रश्न।

श्री जगदीशप्रसाद माथुर।

[बीकानेर स्टेशन के पासवाले नाले को पक्का अन्डरग्राउन्ड बनवाने की व्यवस्था।

२९५. श्री जगदीशप्रसाद माथुर (सीकर) : क्या मंत्री, स्वायत्त शासन विभाग निम्नलिखित प्रश्न का उत्तर देने की कृपा करेंगे :–

(क) क्या यह सही है कि बीकानेर स्टेशन के पास एक कच्चा नाला है जिसमें आसपास का गन्दा पानी एवं मैला आकर जमा हो जाता है ?

(ख) क्या यह सही है कि जब बीकानेर नगरपालिका को इस संबंध में शिकायत की गई तो उसने यह कह कर टाल दिया कि नाला रेलवे की सीमा में है तथा रेलवे ने यह कह कर टाल दिया कि नाले में गन्दगी सारे शहर से आती है इसलिये जिम्मेवारी नगर-पालिका की है !

(ग) क्या सरकार किसी एक विभाग का उत्तरदायित्व तय करके इस नाले की गन्दगी दूर करवा कर इसे पक्का अन्डर-ग्राउन्ड बनवाने की व्यवस्था करेगी ?

मंत्री, स्वायत्त शासन (श्री चन्द्रप्रसाद-गुप्ता) : (क) बीकानेर स्टेशन के पास एक पक्का नाला है। बीकानेर में नालियां बन जाने के बाद नालियों का पानी भी इसी नाले में आता है।

(ख) यह नाला जब वर्षा में मिट्टी व गंदे पानी से भर जाता है तो नगरपालिका द्वारा साफ कराया जाता है।

Page No.2

(श्री बद्रीप्रसाद गुप्ता)

(ग) जवाब (क) और (ख) में दिया जा चुका है।

श्री जगदीशप्रसाद माथुर : मैंने पूछा कि यह नाला रेलवे अपनी सीमा में मानती है या म्युनिसिपेलिटी अपनी सीमा में मानती है ?

श्री बद्रीप्रसाद गुप्ता: शहर का नाला तो म्युनिसिपेलिटी का है।

श्री जगदीशप्रसाद माथुर : रेलवे पास होती है, रेलवे वाले कहते हैं कि म्युनिसिपेलिटी का है और म्युनिसिपेलिटी वाले कहते हैं कि रेलवे का है तो वास्तव में यह किसकी सीमा में है ?

श्री बद्रीप्रसाद गुप्ता : गंदे पानी से बरसात में भर जाता है तो म्युनिसिपेलिटी साफ कराती है।

श्री जगदीशप्रसाद माथुर : केवल मिट्टी से नहीं भरता, शहर की गन्दगी इसमें आती है।

श्री बद्रीप्रसाद गुप्ता : ऐसी कोई शिकायत नहीं।

श्री मुरलीधर व्यास (बीकानेर-सिटी): क्या यह सही है कि जो नाला है वह रेलवे बाउन्डरी में है ? सवाल यह है, "क्या यह सही है कि बीकानेर स्टेशन के पास एक कच्चा नाला है जिसमें आसपास का गन्दा पानी एवं मैला आकर जमा हो जाता है ?" तो यह रेलवे की सीमा में है या नगरपालिका की सीमा में ?

श्री बद्रीप्रसाद गुप्ता : कच्चा नाला नहीं पक्का नाला है। म्युनिसिपेलिटी साफ कराती है तो म्युनिसिपेलिटी का होना चाहिये।

श्री मुरलीधर व्यास : नाला तो कच्चा है, पक्का कतई नहीं है, चारों ओर से रेलवे की दीवाल खिंची है। सवाल यह है कि या तो म्युनिसिपेलिटी साफ कराये या सरकार रेलवे को लिखे कि शहर के बीच में यह नाला आया हुआ है इसको पक्का अन्डरग्राउन्ड बनाया जाय। आप पूरी तरह जानकारी करके उत्तर दें।

श्री बद्रीप्रसाद गुप्ता : मैंने पूरी जानकारी के आधार पर जवाब दिया है। पक्का नाला बना हुआ है और म्युनिसिपेलिटी साफ करवाती है।

श्री मुरलीधर व्यास : यदि आपको यह जानकारी गलत दे दी गई हो तो फिर जानकारी करें और यदि नाला पक्का नहीं है और सफाई नहीं होती है तो रेलवे को लिखें।

श्री बद्रीप्रसाद गुप्ता : मैंने पूरी तरह जानकारी प्राप्त करके ही जवाब दिया है। मैं अभी और असर्टेन करके आया हूँ।

श्री मुरलीधर व्यास : इसमें साफ लिखा हुआ है कि रेलवे ने यह कह कर टाल दिया कि नाले में गंदगी सारे शहर की आती है, तो यह किसकी सीमा में है; रेलवे की या नगरपालिका की ?

श्री बद्रीप्रसाद गुप्ता : मैंने जवाब दिया न कि नगरपालिका सफाई कराती है।

Page No.3

श्री जगदीशप्रसाद माथुर : आपके पास जवाब गलत आया है।

श्री बद्रीप्रसाद गुप्ता : मैंने कहा कि मैंने वेरिफाई किया है, जवाब सही है, बिल्कुल ठीक है. दुबारा वेरिफाई कर लिया है।

श्री जगदीशप्रसाद माथुर: आपके पास लिखित आया है और हम ने आंखों से देखा है।

श्री बद्रीप्रसाद गुप्ता : मेरे पास जो जानकारी आई है वह सही आई है म्युनिसिपेलिटी ने लिखित में जवाब दिया है।

श्री मुरलीधर व्यास : मेरा सवाल यह है कि यदि म्युनिसिपेलिटी का जवाब गलत हो और लोगों को वाकई में इससे तकलीफ हो तो क्या मन्त्री महोदय इसकी जांच करके इसका प्रबन्ध करने को तैयार है ?

श्री उपाध्यक्ष : किस सीमा तक गलत है।

श्री मुरलीधर व्यास : बिल्कुल गलत है। रेलवे की सीमा में यह नाला आता है म्युनिसिपेलिटी ने जवाब दिया, म्युनिसिपेलिटी की सीमा में नहीं आता, इसकी जांच कर लें...

श्री बद्रीप्रसाद गुप्ता : मैं कह रहा हूँ कि जवाब बिल्कुल सही है। स्टेशन के सामने नाला पक्का बना हुआ है। मैंने आज सुबह ही वेरिफाई किया है ......

श्री उपाध्यक्ष : प्रश्न यह है कि रेलवे की सीमा में है या नहीं ?

श्री बद्रीप्रसाद गुप्ता : मेरे पास जवाब है कि पक्का बना हुआ है।

श्री मुरलीधर व्यास : सीमा में है कि नहीं ?

श्री बद्रीप्रसाद गुप्ता : सीमा का सवाल ही नहीं है।

श्री उपाध्यक्ष : किस की सीमा में है ? प्रश्न में यह है कि क्या यह सही है कि जब बीकानेर नगरपालिका को इस सम्बन्ध में शिकायत की गई तो उसने यह कह कर टाल दिया कि नाला रेलवे की सीमा में है ....

श्री मुरलीधर व्यास : रेलवे स्टेशन म्युनिसिपेलिटी की सीमा में है कि नहीं ?

श्री बद्रीप्रसाद गुप्ता : जी हां है।

श्री पी० के० चौधरी (फुलेरा) : असेम्बली बिल्डिंग म्युनिसिपेलिटी की सीमा में है कि नहीं।

श्री उपाध्यक्ष : नेक्स्ट श्री प्रभुलाल पुरोहित।

लालसोट व बस्सी में जमीन पर अनधिकृत अधिकार

२६६. **श्री प्रभुलाल पुरोहित** (लालसोट) : क्या स्वायत्त शासन मंत्री बताने की कृपा करेंगे :—

(१) लालसोट और बस्सी टाउन कस्बे में सरकारी जमीनों पर किन किन व्यक्तियों द्वारा अनधिकृत रूप से अधिकार किया गया है ? सूची सदन की मेज पर रखी जावे।

(२) यदि हां, तो संबन्धित व्यक्तियों के विरुद्ध क्या कार्यवाही की जावेगी ?

मंत्री, स्वायत्त शासन (श्री बद्रीप्रसाद गुप्ता) : (१) लालसोट टाउन में सरकारी जमीनों पर जिन जिन व्यक्तियों द्वारा अनधिकृत रूप से अधिकार किया गया है उनकी सूची सदन की मेज़ पर रख दी गई है। कस्बे कस्बे में किसी भी व्यक्ति द्वारा अनधिकृत रूप से जमीन पर अधिकार किया जाना नहीं पाया गया है।

(२) सम्बन्धित व्यक्तियों के विरुद्ध नगरपालिका द्वारा जो कार्यवाही की जा रही है उसका विवरण सदन की मेज़ पर रखी हुई सूची में है।

(कृपया परिशिष्ट १ देखिये)

श्री प्रभुलाल पुरोहित : मैं देखकर आया हूं अभी तक कोई कार्यवाही चालू नहीं हुई है।

श्री उपाध्यक्ष : अब वापिस जाकर देख लीजिये, कार्यवाही चालू हो गई होगी।

(हंसी)

श्री लक्ष्मीचन्द।

जिला जालोर में अफीम खानेवालों को राशन कार्ड

२६७. **श्री लक्ष्मीचन्द** (सांचोर) : क्या मंत्री आबकारी विभाग निम्नलिखित प्रश्न का उत्तर देने की कृपा करेंगे :—

(१) जिला जालोर में पुराने अफीम खानेवालों की संख्या कितनी थी, जिनके कि राशनकार्ड बने हुए थे ?

(२) कितने लोगों को डॉक्टर ने सर्टिफाई करके कितने तोला अफीम मिलने की सिफारिश की ?

(३) कितने ऐसे लोग हैं जिनको पहले अफीम राशन से नहीं मिलती थी और उनको अब डॉक्टर ने अफीम मिलने की सिफारिश की है ? सूची सदन की मेज पर रखने की कृपा करें।

मंत्री स्वास्थ्य (श्री बद्रीप्रसाद गुप्ता—मंत्री, आबकारी की ओर से) : (१) २,२२२

(२) १,०१३ आदमियों को सर्टिफिकेट दिये गये। १,१८६॥ तोला अफीम देने की सिफारिश की है।

(३) ४७७, सूची सदन की मेज पर रख दी गई।

(सूची अत्यधिक विस्तृत होने के कारण विधान सभा पुस्तकालय में रखी गई)

श्री लक्ष्मीचन्द : क्या यह सही कि ३१ जनवरी, ५६ तक ही राशन कार्ड डॉक्टर ने इश्यू किये है ?

श्री बद्रीप्रसाद गुप्ता : आपने पूछा कि कितने जारी किये, उसका जवाब दे दिया।

श्री लक्ष्मीचन्द : इतने कम क्यों जारी किये ? पहले २,२२२ अफीम खाने वाले थे तो १,०१३ को ही राशन कार्ड कैसे दिये गये ?

एक माननीय सदस्य : अफीम खानेवाले कम हो गये होंगे।

(हंसी)

श्री लक्ष्मीचन्द : क्या इस प्रकार का नोटिफिकेशन जारी किया गया था कि ३१ जनवरी, ५६ तक ही राशन कार्ड बनाये जायं ? ३१ जनवरी तक जो लोग पहुँचे हैं उनके

(श्री लक्ष्मीचन्द)

राशन कार्ड बना दिये गये और इसके बाद में जो आये उनके राशन कार्ड नहीं बनाये गये ? क्या इस तरह का नोटिफिकेशन जारी किया गया था ?

श्री बद्रीप्रसाद गुप्ता : और बाकी रह गये हैं तो डॉक्टरी सर्टिफिकेट पर राशन कार्ड दिये जा सकते हैं।

श्री लक्ष्मीचन्द : जो बाकी रह गये हैं वे अब राशन कार्ड बना सकते हैं, क्या इस प्रकार के आदेश दिये गये हैं ?

श्री बद्रीप्रसाद गुप्ता : जी हाँ, एप्रोच करें तो डॉक्टरी सर्टिफिकेट पर दिया जा सकता है।

श्री मुरलीधर व्यास (बीकानेर सिटी): यह कैसे पता चलाया कि ये लोग अफीम खानेवाले हैं ?

श्री उपाध्यक्ष : श्री लक्ष्मीचन्दजी से पूछ लिया।

(हंसी)

श्री मुरलीधर व्यास : १,०१३ का ही कैसे पता चला ?

श्री बद्रीप्रसाद गुप्ता : डॉक्टर सर्टिफिकेट देता है उसके आधार पर राशन कार्ड दिया जाता है।

श्री उपाध्यक्ष : श्री भैरोंसिंह।

नगरपालिका, चित्तौड़ द्वारा भूमि वितरण

२६८. श्री भैरोंसिंह (श्रीमाधोपुर) : क्या स्वायत्त शासन मंत्री निम्न प्रश्न का उत्तर देने की कृपा करेंगे :

(१) ३१ जनवरी, १९५८ से लेकर अब तक नगरपालिका चित्तौड़ ने किस किस व्यक्ति को कितनी कितनी भूमि, किस दर से व किस तारीख को अलॉट की है ? कृपया इसकी एक तालिका सदन की मेज पर रखें।

(२) इनमें से किस किस प्लॉट का सार्वजनिक नीलाम किया गया था ? किस किसका नहीं, और क्यों ?

(३) क्या इन प्लॉट्स के पहले कलेक्टर की अनुमति ले ली गई थी ? यदि हाँ, तो किन किन में, और नहीं तो क्यों ?

मंत्री, स्वायत्त शासन (श्री बद्रीप्रसाद गुप्ता) : (१) तालिका सदन की मेज पर रखवा दी गई है। उसमें ३१-१-५८ से लेकर आज दिन तक जिन जिन व्यक्तियों को जो भूमि जिस दर से दी गई है दिखाई गई है।

(२) उक्त प्लॉट्स शहर से करीब १॥, २ मील की दूरी पर होने से व नई आबादी को प्रोत्साहन देने हेतु कोई भी प्लॉट नीलाम नहीं किया गया।

(३) इन जमीनों के प्लान जिलाधीश व एक्जीक्यूटिव इन्जीनियर द्वारा एप्रूव कर लिये गये थे ? अतः दुबारा अनुमति लेने की आवश्यकता नहीं थी ?

(कृपया परिशिष्ट २ देखिये)

श्री भैरोंसिंह : क्या यह सही है कि प्लान एप्रूव करने के बाद कलेक्टर ने अलॉटमेन्ट ऑफ लैण्ड को रद्द कर दिया था ?

श्री बद्रीप्रसाद गुप्ता : ऐसा तो करने का कलेक्टर को अधिकार नहीं है ।

श्री भैरोंसिंह : क्या यह सही है कि इस संबन्ध में अलॉटमेंट के रूल्स बने हुए हैं ।

श्री बद्रीप्रसाद गुप्ता : जी हां, बने हैं।

श्री भैरोंसिंह : क्या यह सही है कि वितरण कमेटी के अधिकार कलेक्टर को ज्यादा मिले हुए हैं ?

श्री बद्रीप्रसाद गुप्ता : यह तो म्यूनिसिपेलिटी को अधिकार दिये गये हैं न कि कलेक्टर को ।

श्री भैरोंसिंह : क्या यह सही है कि वहां पर अलॉटमेंट के लिए वितरण कमेटी बनी है और उसका चेयरमैन कलेक्टर है और उसने एलॉटमेंट को बन्द करने का आदेश दिया है ?

श्री बद्रीप्रसाद गुप्ता : मैं यह कहना चाहता हूं कि न तो कोई अलॉटमेंट कमेटी है न उसका चेयरमैन कलेक्टर ही है ।

श्री भैरोंसिंह : क्या यह सही है कि यह प्लान प्लानिंग कमेटी में बनाया गया था उसमें कलेक्टर थे ?

श्री बद्रीप्रसाद गुप्ता : जिस वक्त प्लान बनाया तो कलेक्टर से और एग्जिक्युटिव इन्जीनियर से उनको दिखा कर राय ली थी ।

श्री भैरोंसिंह : जब कलेक्टर को अधिकार नहीं तो कलेक्टर का जिक्र क्यों आता है ?

श्री बद्रीप्रसाद गुप्ता : वह पहले की बात है ।

श्री भैरोंसिंह : आपने कहा कि प्लान बनाया गया उस समय कलेक्टर से आज्ञा लेने की आवश्यकता पड़ी सो क्यों ?

श्री बद्रीप्रसाद गुप्ता : मैंने यह कहा कि डवेलपमेंट का प्लान बनाया उस समय उस प्लान को कलेक्टर और एग्जिक्युटिव इंजीनियर को दिखाया गया था । उससे आज्ञा लेने का प्रश्न नहीं है ।

श्री भैरोंसिंह : क्या यह सही है कि जिस समय एग्जिक्युटिव इन्जीनियर से अनुमति ली गई थी और कलेक्टर से अनुमति ली गई उस समय उसमें यह व्यवस्था की गई थी कि कलेक्टर उस सम्बन्ध में इस प्रकार की आज्ञा जारी करे ।

श्री बद्रीप्रसाद गुप्ता : मैंने अर्ज किया कि म्यूनिसिपेलिटी को पॉवर्स दिये गये थे । कलेक्टर का पॉवर्स नहीं दिये गये थे । कलेक्टर तो १६१ के अन्तर्गत अगर कोई गड़बड़ी हो तो सुनवाई कर सकता है । कलेक्टर को कोई अधिकार नहीं है कि वह अलॉटमेंट को रद्द करे या किसी प्रकार का रद्दोबदल करे ।

श्री भैरोंसिंह : तो क्या यह माना जावे कि कलेक्टर का ऑर्डर जो दिया गया वह गलत था ?

श्री बद्रीप्रसाद गुप्ता : मैंने यह नहीं कहा है कि कलेक्टर ने कोई आदेश दिया । अगर आप अलग प्रश्न पूछेंगे तो जवाब दिया जावेगा ।

श्री भैरोंसिंह : क्या यह सही है कि सरकार के रेफरेन्स के आदेश पर कलेक्टर ने ऑर्डर दिये थे ?

श्री बद्रीप्रसाद गुप्ता : मैं इस बात को नहीं मानता कि कलेक्टर ने किसी प्रकार के ऑर्डर दिये। आप प्रिज्यूम करते हैं। प्रिज्युमशन तो नहीं होना चाहिए।

श्री भैरोंसिंह : क्या सरकार इस बात को सही मानती है कि मेरा यह केवल प्रिज्युमशन ही है ?

श्री बद्रीप्रसाद गुप्ता : मैंने कहा है कि कलेक्टर को ऐसे आदेश देने का अधिकार नहीं है।

श्री भैरोंसिंह : क्या सरकार इस बात को बताने की कृपा करेगी कि यह आज्ञा सरकार के रेफरेंस के अनुसार दी गई, क्या यह बात सही मानते हैं या नहीं ? स्पष्ट कहिये।

श्री बद्रीप्रसाद गुप्ता : मैंने स्पष्ट शब्दों में कह दिया है।

श्री उपाध्यक्ष : नेक्स्ट। श्री लक्ष्मीचन्द।

तहसील पंचायत सांचोर के भवन का निर्माण

२६६. **श्री लक्ष्मीचन्द (सांचोर)** : क्या स्वायत्त शासन मन्त्री निम्नलिखित प्रश्न का उत्तर देने की कृपा करेंगे :

(१) तहसील सांचोर, जिला जालोर के पंचायत भवन हेतु कितनी धन राशि विकास विभाग द्वारा स्वीकृत की गई व वह रकम खजाने से कब उठाई गई व पंचायत विभाग में कब जमा कराई गई है ?

(२) क्या उक्त भवन का कार्य चालू कर दिया गया है ? यदि नहीं, तो क्यों नहीं और कब तक चालू कराये जाने की आशा की जाती है ?

(३) क्या जब तक भवन निर्माण कार्य शुरू नहीं होता है तब तक के लिए उक्त रकम ठेके में जमा कराई गई है ? यदि नहीं, तो क्यों ?

उप मंत्री, स्वायत्त शासन श्री दौलतराम सारण) : (१) दिनांक ३१-३-५८ को ४,०००) रु० तथ दिनांक २६-१२-५८ को २,०००) रु० मिले। पंचायत की रोकड़ में दिनांक १-४-५८ तथा २६-१२-५८ को जमा की गई।

(२) पंचायत भवन का कार्य दिनांक १०-४-५८ से आरम्भ हुआ तथा १६-६-५८ तक भवन बन कर तैयार हो गया।

(३) प्रश्न ही पैदा नहीं होता।

श्री लक्ष्मीचन्द : अध्यक्ष महोदय, मेरा प्रश्न है तहसील पंचायत के भवन के बारे में कि आया तहसील पंचायत का भवन बना या नहीं और आप जवाब दे रहे हैं पंचायत भवन का।

श्री दौलतराम सारण : आप का प्रश्न यह है : 'तहसील सांचोर, जिला जालोर के पंचायत भवन हेतु कितनी धनराशि विकास विभाग द्वारा स्वीकृत की गई'। उसका उत्तर मैंने दिया है।

श्री लक्ष्मीचन्द : मेरा प्रश्न है तहसील पंचायत सांचोर का न कि पंचायत का।

Page No.8

श्री उपाध्यक्ष : 'तहसील सांचोर, जिला जालोर के पंचायत भवन हेतु' जब तहसील, जिला सांचोर की पंचायत का मतलब है........

श्री पी. के. चौधरी (फुलेरा) : हैडिंग में साफ है तहसील पंचायत सांचोर के भवन का निर्माण।

मंत्री, स्वायत्त शासन (श्री बद्रीप्रसाद गुप्ता) : जो आपने पूछा है वही जवाब दिया गया है ।

श्री पी० के० चौधरी : हैडिंग में तहसील पंचायत सांचोर के भवन का निर्माण साफ लिखा है ।

श्री उपाध्यक्ष : हैडिंग हम लोग बनाते हैं। गवर्नमेंट के पास नहीं जाता।

श्री लक्ष्मीचन्द : मेरा प्रश्न साफ है ।

श्री उपाध्यक्ष : The question is very clear. गवर्नमेंट को भेजा हैं उसमें तहसील पंचायत सांचोर के....

श्री बद्रीप्रसाद गुप्ता : आपने जितना प्रश्न पूछा उसका जवाब दिया है ।

श्री लक्ष्मीचन्द : क्या तहसील पंचायत का भवन बन गया है ?

श्री उपाध्यक्ष : प्रश्न पूछा गया है तहसील पंचायत के भवन का और जवाब दिया गया है पंचायत के भवन का। That is the difference If the Government wants time, I may give time just to clarify the position and it may be replied on the next turn.

श्री बद्रीप्रसाद गुप्ता : पंचायत भवन का कार्य दिनांक १०-४-५८ से आरम्भ हुआ तथा १६-६-५८ तक भवन बन कर तैयार हो गया।

श्री पी० के० चौधरी : This is objectionable. The Chair has given a Ruling that they should reply about the Panchayat Bhawan and they are still replying the same.

श्री बद्रीप्रसाद गुप्ता : हमारे पास जो जवाब आया है उसको दिया है ;

श्री पी० के० चौधरी : But, Sir, If the Govenment wants timet hat is different but it is not relevant.

श्री उपाध्यक्ष : Let him clarify the position. The answer is really not relevant. प्रश्न तहसील पंचायत भवन का है और जवाब दिया गया है पंचायत भवन का ।

श्री बद्रीप्रसाद गुप्ता : मैंने यह अर्ज किया कि जो जवाब हमारे पास आया वह दिया है ।

श्री उपाध्यक्ष : I hope the Hon'ble Member is not insisting upon that. तहसील पंचायत भवन निर्माण के बारे में पूछा गया है और जवाब पंचायत भवन के बारे में दिया गया है। जानकारी तहसील पंचायत भवन के बारे में की जानी चाहिये । There is a little confusion.

श्री बद्रीप्रसाद गुप्ता : I will find out.

Page No.9

श्री उपाध्यक्ष : That's alright.

नेक्स्ट। श्री जगदीशप्रसाद माथुर।

बन्दोबस्त विभाग, सीकर।

३००. **श्री जगदीशप्रसाद माथुर** (सीकर) : क्या मंत्री, राजस्व विभाग निम्नलिखित प्रश्न का उत्तर देने की कृपा करेंगे:–

(१) क्या यह सही है कि सेटलमेंट ऑफिसर, सीकर द्वारा ६–८–५७ को:–

१. अहमद पुत्र भूरेखां, २. नानूखां पुत्र महरावखां निवासी किरडोली, तहसील सीकर।

विरूद्ध

गंगा पुत्र मूना जाट, साकिन किरडोली, तहसील सीकर के अनवान की फाइल सेटलमेंट कमिश्नर, राजस्थान, जयपुर को तहसीलदार सीकर को ए० आर० ओ० के अधिकार रीट्रोस्पेक्टिव इफेक्ट से मंजूर करने के लिये भेजी थी ?

(२) यदि हां, तो उस फाइल पर अब तक क्या कार्यवाही हुई है ?

राजस्व मंत्री (श्री दामोदरलाल व्यास): (१) जी हां।

(२) मामला सरकार के विचाराधीन है।

श्री जगदीशप्रसाद माथुर : यह फाइल सेटलमेंट कमिश्नर से सेक्रेटेरियेट में कब आई ?

श्री दामोदरलाल व्यास : यह फाइल सेटलमेंट कमिश्नर के यहां से रेवेन्यू बोर्ड में गई और वहां से फिर सेक्रेटेरियेट में आई।

श्री जगदीशप्रसाद माथुर : यह कब आई, आप तारीख बतावेंगे ?

श्री दामोदरलाल व्यास : बोर्ड ऑफ रेवेन्यु से १४–७–५८ को। बोर्ड ऑफ रेवेन्यु और लॉ डिपार्टमेंट के व्यूज में आपस में मतभेद है इसलिये यह विचाराधीन है।

श्री जगदीशप्रसाद माथुर : इस मामले को २ वर्ष से ज्यादा समय हो गया है।

श्री दामोदरलाल व्यास: मैंने आपको १४–७–५८ बताया है। उस बात को अभी दो साल नहीं हुए हैं मगर फिर भी मैं यह कहूंगा कि कानूनी पेचीदगी हो तो ज्यादा समय भी लग सकता है।

श्री जगदीशप्रसाद माथुर : सेटलमेंट कमिश्नर के यहां से ६–७–५७ को भेजी गई थी ?

श्री दामोदरलाल व्यास : हो सकता है कानूनी दृष्टि से बोर्ड ऑफ रेवेन्यु में और लॉ डिपार्टमेंट के आपस में मत भेद है। बोर्ड ऑफ रेवेन्यु एक बात कहता है और लॉ डिपार्टमेंट दूसरी बात कहता है इसलिए विचाराधीन है।

श्री भैरोंसिंह (श्री माधोपुर) : क्या कानून का मसला फाइल को दबाने से हल हो सकता है ?

श्री दामोदरलाल व्यास : फाइल दबाई नहीं गई है। मैंने कहा कि आपस में

Page No.10

(श्री दामोदरलाल व्यास)

लिखा-पढ़ी हो रही है। आपस में एक दूसरे के मतभेद हैं और इस कारण से यह विचाराधीन है।

श्री मुरलीधर व्यास (बीकानेर) : क्या दो साल का अर्सा...

श्री उपाध्यक्ष : नेक्स्ट। श्री लक्ष्मीचन्द।

रूरल एरिया में पीने के पानी की कमी की जांच करने हेतु नियुक्त कमेटी

३०१. श्री लक्ष्मीचन्द (सांचोर) : क्या स्वायत् शासन मंत्री निम्नलिखित प्रश्न का उत्तर देने की कृपा करेंगे :—

(१) क्या सरकार ने रूरल एरिया में पीने के पानी की कमी की जांच के लिए कोई कमेटी नियुक्त की है? यदि हां तो उसके कौन कौन सदस्य हैं?

(२) क्या उक्त कमेटी ने कोई सुझाव भी विधान सभा के सदस्यों से मांगे थे?

(३) क्या यह सही है कि जालोर जिले की सांचोर तहसील के गांव हाडेचा, दूठवा, नलधरा, सरनाऊ में पानी के लिये बोरिंग करने का सुझाव आया था? यदि हां, तो उस पर क्या निर्णय लिया गया?

मंत्री, स्वायत शासन (श्री बद्रीप्रसाद गुप्ता) : (१) जी हां। कमेटी के सदस्य निम्नलिखित हैं:

१. श्री हरिश्चन्द्र माथुर, एम पी०

२. श्री कमिश्नर जोधपुर, डिविजन।

३. श्री कमिश्नर बीकानेर, डिविजन।

४. कमिश्नर अजमेर, डिविजन।

५. श्री परसराम मैदरीना, एम०एल०ए०।

६. श्री भीमसेन, एम० ए० ए०।

७. श्री हंसराज आर्य, प्रेसीडेन्ट, जिला कांग्रेस कमेटी, गंगानगर।

८. श्री के० एन० भार्गव, सुपरिन्टेन्डिंग इंजीनियर हैल्थ, जयपुर।

(२) जी हां।

(३) जी हां, जो सुझाव कलेक्टर जालोर ने भेजे थे वे कमेटी के विचाराधीन हैं।

श्री उपाध्यक्ष : श्री शीशराम ओला।

जिला झुंझुनू की निष्क्रमणार्थ (Evacuee) भूमि

३०२. श्री शीशराम ओला (खेतड़ी) : क्या पुनर्स्थापन मंत्री निम्न प्रश्न का उत्तर देने की कृपा करेंगे :—

(१) क्या यह सत्य है कि जिला झुंझुनू में जो इवेक्युई जमीन है उसका सम्वत् २०११ का लगान कस्टोडियन ने दुगुना ले लिया था?

(२) यदि हां, तो फिर उसी साल का लगान अब तहसील काश्तकारों से क्यों मांग रही है?

राजस्व मंत्री (श्री दामोदरलाल व्यास) : अध्यक्ष महोदय, इस प्रश्न का जवाब आज

Page No.11

(श्री दामोदरलाल व्यास)

नहीं आ सका है, इसलिए अगलीटर्न पर दूंगा।

श्री उपाध्यक्ष : Yes, Postponed. Sri Jai Chandra Mohil

उदयपुर के हरिजन विद्यार्थियों को दी गई छात्रवृत्तियां

३०३. श्री जयचंद्र मोहिल (कपासिन-सु.) : क्या समाज कल्याण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे :

(क) उप संचालक, समाज कल्याण विभाग, उदयपुर ने सन् १६५६-५७ व ५८ में अपने पूरे क्षेत्र में कितने हरिजन विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति दी ?

(ख) उक्त सनों में छात्रवृत्ति प्राप्त छात्रों में ऐसे कितने छात्र हैं जिनके छात्रवृत्ति फॉर्मों में प्राप्त अंक दर्ज न होकर सिर्फ पास होना ही लिखा हुआ है ?

उपमंत्री, समाज कल्याण (श्री भीखाभाई) : (क) सहायक संचालक, समाज कल्याण विभाग, उदयपुर द्वारा उनके क्षेत्र में १६५६-५७ व ५८ में जितने हरिजन छात्रों को छात्रवृत्तियां दी गईं उनका विवरण निम्न प्रकार है :

वर्ष	छात्र संख्या
१६५६-५७	१,१८०
१६५७-५८	१,५७८
१६५८-५६	२,७११

(ख) उक्त वर्षों में ऐसे छात्रवृत्ति प्राप्त छात्र जिनके छात्रवृत्ति फॉर्मों में प्राप्तांक दर्ज न होकर सिर्फ पास होना ही लिखा हुआ है की संख्या निम्न प्रकार है :

वर्ष	छात्र संख्या
१६५६-५७	१६
१६५७-५८	२
१६५८-५६	३६

श्री उपाध्यक्ष : श्री रामनारायण वर्मा।

भरतपुर में पीने के पानी का अभाव

३०४. श्री रामनारायण वर्मा (पीपल्दा-सु) : क्या स्वायत्त शासन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे :

(क) क्या भरतपुर नगरवासियों को पर्याप्त पानी नहीं मिलता है ?

(ख) यदि हाँ, तो उसके क्या कारण हैं तथा इनको दूर करने हेतु क्या सरकार कोई सक्रिय कदम उठा रही है ? यदि हाँ, तो क्या ?

मंत्री, स्वायत्त शासन (श्री बद्रीप्रसाद गुप्ता) : (क) जी हां।

(ख) अभी तक वाटर सप्लाई की व्यवस्था नहीं है। अब शीघ्र ही नलों द्वारा पानी सप्लाई किया जायेगा।

श्री उपाध्यक्ष : श्री लक्ष्मीचंद।

अकालग्रस्त क्षेत्रों में सरकारी रकम व बीघोड़ी की वसूली का रोका जाना।

३०५. श्री लक्ष्मीचंद (सांचोर) : क्या राजस्व मंत्री निम्न प्रश्न का उत्तर देने की कृपा करेंगे :

Page No.12

(श्री लक्ष्मीचन्द)

(१) क्या यह सत्य है कि जिस इलाके को गवर्नमेन्ट अकालग्रस्त घोषित कर देती है उस ठिकाने के लोगों से सरकारी रकम वा बीघोड़ी की वसूली सरकार रोक देती है ?

(२) यदि हां, तो क्या यह सही है कि जिला जालोर के डिप्टी कलेक्टर, जागीर द्वारा अकालग्रस्त एरिया के लोगों से मुआवजा देते वक्त बकाया व बीघोड़ी वसूल की जाती है ? यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं ?

मंत्री राजस्व (श्री दामोदरलाल व्यास) : (१) जी हां, यह सही है।

(२) डिप्टी कलेक्टर जागीर द्वारा जो रकम की वसूली की जाती है वह जागीर खालसा होने के पूर्व की सरकारी बकाया सम्बन्धित कार्यालयों से फार्म १० में प्राप्त होने पर जागीरदारों के दावे फाइनल करते समय एडजेस्ट की जाती है।

श्री लक्ष्मीचंद : एडजेस्ट करने का सवाल नहीं है। वसूली की जाती है। आपने कहा कि अकालग्रस्त एरिया में वसूल नहीं की जानी चाहिये तो फिर डिप्टी कलेक्टर जागीर क्यों वसूल करते हैं ?

श्री दामोदरलाल व्यास : सस्पेन्शन क्लोज के अन्तर्गत जो रकम सस्पेन्ड कर दी जाती है वह वसूल नहीं होती है। जागीरदारों में पहले की बकाया है और रूल्स में प्रोविजन है कि फार्म १० को कम्पन्सेशन में एडजेस्ट किया जावेगा और सस्पेन्शन एक्ट का असर नहीं पड़ता है।

श्री लक्ष्मीचंद : खुदकाश्त है उसका वसूल किया जा रहा है। जागीर रिज्यूम हो जाने पर सब ही काश्तकार हो जाते हैं और जब वह एरिया अकालग्रस्त घोषित किया जा चुका है तो फिर उनसे क्यों वसूल किया जाता है और उनके लिए भी सस्पेन्ड क्यों नहीं होता है ?

श्री दामोदरलाल व्यास : खुदकाश्त का वसूल होता है तो बताईये। जागीरदार चाहे तो एडजेस्ट करा सकता है। यदि अकालग्रस्त के बाद लगान केश में वसूल हुआ है तो आप मेरे ध्यान में लावेंगे तो मैं उसके लिए उचित कार्यवाही करूंगा।

श्री उपाध्यक्ष : श्री मुरलीधर व्यास।

औद्योगिक न्यायाधिकरण को सौंपे गये मजदूरों के मामले

३०६. श्री मुरलीधर व्यास (बीकानेर-सिटी) : क्या श्रम मंत्री निम्नलिखित प्रश्न का उत्तर देने की कृपा करेंगे :—

(१) क्या केन्द्रीय सरकार ने राज्य सरकार को कोई सूचना भेजी है जिसमें यह उल्लेख है कि किन परिस्थितियों में मजदूरों के मामले औद्योगिक न्यायाधिकरण को सौंप दिये जांय ? यदि हां, तो कृपया उसकी सूची सदन की मेज पर रखें।

(२) सरकार ने इस आधार पर कितने रिफरेन्स अब तक किये हैं ?

मंत्री, श्रम (श्री बद्रीप्रसाद गुप्ता) : (१) जी नहीं।

(२) प्रश्न ही नहीं उठता।

श्री मुरलीधर व्यास : क्या केन्द्रीय सरकार की ओर से किसी कारण से ऐसे

(श्री मुरलीधर व्यास)

मामले न्यायाधिकरण को भेजे जांय, ऐसी सूचना राज्य सरकार को भेजी गई है और राज्य सरकार ने किस कारण से उचित समझा है भेजना ?

श्री बद्रीप्रसाद गुप्ता : इन्डस्ट्रियल डिस्प्यूट एक्ट में प्रोविजन है उसके अनुसार कर सकते हैं ।

श्री मुरलीधर व्यास : इसके सम्बन्ध में केन्द्रीय सरकार ने सारी स्टेट्स को आदेश दिये हैं कि किन परिस्थितियों में भेजने चाहिये । आप कहते हैं कि आदेश नहीं हैं । क्या राज्य सरकार की ओर से कोई नियम बनाये गये हैं ?

श्री बद्रीप्रसाद गुप्ता : इन्डस्ट्रियल डिस्प्यूट एक्ट में जो प्रोविजन हैं वे ही हैं ।

श्री मुरलीधर व्यास : उसके लिए कानून बना है और रूल्स बने हुए हैं । आप कहते हैं कि नहीं हैं ।

श्री उपाध्यक्ष : He has replied.

Sri Jai Chandra Mohil.

भूमि वितरण कमेटी, तहसील भदेसर (चित्तौड़) द्वारा भूमि का वितरण

३०७. श्री जयचन्द्र मोहिल (कपासिन-सु) : क्या राजस्व मंत्री निम्नलिखित प्रश्न का उत्तर देंगे :

(१) क्या यह सही है कि चित्तौड़गढ़ जिले की भदेसर तहसील की भूमि वितरण कमेटी से श्री सूरजमल पिता राम चाम्भी सुरखंड निवासी को दिनांक २१-१०-५८ की भूमि काश्त हेतु अलॉट हुई ? अलॉट भूमि किस आराजी नम्बर से कितनी हुई ?

(२) क्या यह सही है कि भूमि प्राप्तकर्ता हरिजन होने के कारण अभी तक उस भूमि पर तहसील से उसको कब्जा नहीं कराया गया है ?

(३) क्या यह भी सही है कि उस भूमि पर तहसील से एक सवर्ण का नाजायज कब्जा करवा रखा है ?

मंत्री, राजस्व (श्री दामोदरलाल व्यास): (१) जी हां । भूमि आराजी नं० ५२४ रकबा १॥।) बीघा व आराजी नं० ५२३ रकबा ६)१ जुमला ७॥।) १ अलॉट की गई है ।

खसरा नं० ५२४ और ५२३ में से क्रमशः १॥।) बीघा और ६) बीघा, १ बिस्वा अलॉट की गई है ।

(२) जी हां ।

(३) जी नहीं । तहसील ने किसी सवर्ण जाति के व्यक्ति को नाजायज कब्जा नहीं कराया ।

श्री जयचंद्र मोहिल : इस वक्त भूमि पर किसका कब्जा है ?

श्री दामोदरलाल व्यास : सूरजमल को भूमि अलॉट की गई थी। उसमें से बीघा, ६ बिस्वा पर सूरजमल का कब्जा है और १॥।) पर सूरजमल ने नाजायज कब्जा कर लिया । उसके लिए कार्यवाही चल रही है ।

श्री जयचंद्र मोहिल : कब समाप्त हो जायेगी ?

Page No.14

श्री दामोदरलाल व्यास : इसके लिए तो मैं अर्ज नहीं कर सकता क्योंकि मैं तो उसमें दखल भी नहीं दे सकता हूं।

श्री जयचंद्र मोहिल : इस भूमि को लेने के लिए किस २ ने दरख्वास्तें दीं ?

श्री दामोदरलाल व्यास : अलग से पूछें तो इसका जवाब दिया जा सकता है। एक आदमी के लिए पूछा तो उसका जवाब देदिया।

श्री उपाध्यक्ष : श्री मुरलीधर व्यास !

अध्यक्ष, नगरपालिका डूंगरगढ़ द्वारा नगरपालिका की पूंजी से किया गया सीमेन्ट का निजी व्यापार

३०८. **श्री मुरलीधर व्यास** : (बीकानेर सिटी) क्या स्वायत्त शासन मंत्री यह यह बताने की कृपा करेंगे :-

(क) क्या यह सत्य है कि श्री डूंगरगढ़ (चुरू) नगरपालिका के अध्यक्ष ने पालिका की पूंजी से सीमेन्ट मंगवा कर निजी व्यापार किया ?

(ख) क्या डूंगरगढ नगरपालिका ने डाईरेक्टर लोकल बोर्डीको नगरपालिका के लिये सीमेन्ट दिलवाने के लिये कोई प्रार्थना पत्र दिया था ?

(ग) क्या डाईरेक्टर ने उनके प्रार्थना-पत्र पर सीमेन्ट फैक्ट्री को कोई पत्र लिखा था ?

(घ) क्या इस कार्यवाही के आधार पर डूंगरगढ़ पालिका के नाम १,५०० बोरी सीमेन्ट आई ?

(ङ) यह सीमेन्ट किस कार्य में लिया गया ?

मंत्री, स्वायत्त शासन (श्री बद्रीप्रसाद गुप्ता) : (क) अध्यक्ष, नगरपालिका डूंगरगढ ने पालिका की पूंजी से सीमेन्ट मंगवाई थी। निजी व्यापार नहीं किया।

(ख) जी हां।

(ग) जी हां।

(घ) १,५५५ बोरी सीमेन्ट आया।

(ङ) सीमेन्ट निम्न प्रकार कार्य में ली गई :—

(१) ६६५ बोरी सुगनचंद कल्लानी को ४,४१३ रु०, ५० नये पैसे में बेच दी गई।

(२) ८३७ बोरी सोहनलाल राठी को ५,२७० रु० २ नये पैसे में बेच दी गई।

(३) २१ बोरी नगरपालिका ने एक कुए हेतु काम में ली।

(४) २ बोरी कम प्राप्त हुई।

टोटल १,५५५ बोरी

श्री मुरलीधर व्यास : इस प्रकार नगरपालिका के नाम सीमेन्ट मंगाया और उसका व्यक्तिगत व्यापार किया, उसके लिए सरकार ने क्या कार्यवाही की ?

श्री बद्रीप्रसाद गुप्ता : व्यक्तिगत व्यापार नहीं किया। सीमेन्ट की वहां पर कमी थी इसलिए नगरपालिका ने स्पेसियेली मंगवा कर सप्लाई कर दिया।

Page No.15

श्री पी० के० चौधरी (फुलेरा) : क्या नगरपालिका अध्यक्ष का यह व्यवहार मिसकन्डक्ट में नहीं आता है ?

श्री बद्रीप्रसाद गुप्ता : खराब व्यवहार क्या हुआ ? वहां सीमेन्ट की कमी थी और नगरपालिका ने मंगवा कर उसको सप्लाई करा दिया।

श्री मुरलीधर व्यास : म्यूनिसिपेलिटी के लिए मंगाते तो कोई बात थी लेकिन बेचने के लिए मंगाई। डाईरेक्टर ने बेचने के लिए या व्यापार करने के लिए सिफारिश की ?

श्री बद्रीप्रसाद गुप्ता : कस्बे में सीमेंट की कमी थी इसलिए बेचा था। किसी तरह का ब्लेक हुआ हो या उसका मिसयूज हुआ हो, ऐसी बात नही है। कस्बे में सीमेन्ट की कमी को पूरा करने के लिए ही ऐसा किया गया था।

श्री पी.के. चौधरी : In whose name it was given? Whether in the name of the Municipality the permit was given or in the name of the trader?

श्री बद्रीप्रसाद गुप्ता : म्यूनिसिपेलिटी ने मंगाया वह उसके पैसे से मंगाया। यह मैं इन्कार नहीं कर रहा हूँ।

श्री मुरलीधर व्यास : उसका लाभ किसने रखा है ? म्यूनिसिपेलिटी ने रखा है या किसी व्यापारी ने ? डाईरेक्टर की सिफारिश पर म्यूनिसिपेलिटी ने मंगाया और बाद में व्यापारी को देकर उसको बिकवाया। इस तरह से शहर में कमी है इस प्रकार कह कर कोई आदमी म्यूनिसिपेलिटी के मार्फत मंगाये या उसके नाम से मंगाये तो क्या सरकार उसको अलाऊ करेगी ?

श्री बद्रीप्रसाद गुप्ता : व्यापारी को कन्ट्रोल रेट पर बेच दिया, इसमें मुनाफे की कोई बात नहीं है।

श्री पी. के चौधरी : डाईरेक्टर ने किस कानून के अन्तर्गत म्यूनिसिपेलिटी को परमिट दिया ?

श्री बद्रीप्रसाद गुप्ता : हरएक को दे सकते हैं।

श्री पी. के. चौधरी : जिसको मिलता है तो वह उसको खुद के यूज के लिए मिलता है ?

श्री उपाध्यक्ष : श्री नेक्स्ट।

सरकार द्वारा नियन्त्रित मंदिरों की व्यवस्था व सामान की तालिकायें बनाना

३०६. **श्री मुरलीधर व्यास** (बीकानेर सिटी) : क्या मंत्री, देवस्थान निम्न प्रश्न का उत्तर देने की कृपा करेंगे:-

(१) राज्य भर में सरकार के अधीन कुल कितने मंदिर हैं जिनकी व्यवस्था का जिम्मा देवस्थान विभाग पर है ?

(२) क्या यह सही है कि इनमें कुछ मंदिरों के सामान की तालिका अभी तक नहीं बनी है ? अगर नहीं, तो कुल कितने मंदिरों के सामान की तालिका अब तक बन चुकी है ?

मंत्री, देवस्थान (श्री दामोदरलाल व्यास): (१) राज्य भर में देवस्थान विभाग से सम्बन्धित कुल ११,०८८ मंदिर हैं। उनमें से डाईरेक्ट चार्ज के ३२२, सेल्फ सपोर्टिंग के

Page No.16

(श्री दामोदरलाल व्यास)

८६ तथा कोर्ट ऑफ वार्ड्स के ६० योग ४६१ ऐसे मंदिर हैं जिनकी व्यवस्था की जिम्मेदारी देवस्थान विभाग पर है ।

उपरोक्त ४६१ मंदिरों में जितने मंदिरों में जितने आभूषण इत्यादि थे उन सब की इन्वेन्ट्री बन चुकी है, केवल एक मंदिर (गंगाजी मंदिर, धौलपुर) का केस कोर्ट में चल रहा है । कोर्ट का निर्णय प्राप्त होने पर ही आवश्यक कार्यवाही की जा सकेगी ।

श्री मुरलीधर व्यास : क्या इसमें राजस्थान से बाहर के मंदिरों को भी शामिल कर लिया गया है ?

श्री दामोदरलाल व्यास : यह मैं अर्ज नहीं कर सकता । क्योंकि सवाल यह है कि राज्य भर के मंदिर । बाहर के हैं या नहीं इसमें यह मैं तहकीक अर्ज नहीं कर सकता हूं ।

श्री मुरलीधर व्यास : वे भी तो राजस्थान स्टेट के ही मंदिर हैं ।

श्री दामोदरलाल व्यास : यह मैं पोजिटिवली नहीं कह सकता कि वे भी इसमें इन्क्ल्युडेड हैं या नहीं । हैं तो शामिल कर देना चाहिए But I cannot give definite information. If the Hon'ble Member wants to know about a particular temple which has been left, I can enquire.

श्री उपाध्यक्ष : श्री मूलचन्द डागा ।

हॉस्पिटल, पाली

३१०. **श्री मूलचन्द डागा** (पाली) : क्या स्वास्थ्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे:—

क्या पाली हॉस्पिटल की कम्पाउन्ड वॉल, रसोई घर व डॉक्टर के रहने के लिए क्वार्टर्स बनाने के लिये सरकार की कोई योजना है ? यदि हां, तो कब तक बन जावेगी ?

उप मंत्री, स्वास्थ्य (श्री भीखाभाई) : रसोईघर पाली अस्पताल में कभी का बन चुका है । कम्पाउन्ड वॉल व डॉक्टर के रहने का क्वार्टर को बनाने का इस साल प्रोविजन है ।

श्री उपाध्यक्ष : डॉ० चंद्रकला ।

नगरपालिका को भूमि विक्रय सम्बन्धी अधिकार

३११. **डॉ० चन्द्रकला** (किशनपोल बाजार, जयपुर) : क्या स्वायत्त शासन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे:—

(क) सरकार ने नगरपालिकाओं को भूमि विक्रय का अधिकार कब दिया था ? क्या फरवरी, ५६ में इन अधिकारों को वापिस लेकर भूमि विक्रय बन्द कर दिया गया है?

(ख) उक्त आदेश सवाई माधोपुर नगरपालिका को कब मिला ? क्या यह सच है कि सरक्यूलर मिलने के दूसरे दिन बोर्ड की मीटिंग बुला कर बहुमत के आधार पर श्री मोतीलाल नाम के व्यक्ति को भूमि दे दी गई ? यदि हां, तो कितनी और किस भाव पर ?

(डॉ० चन्द्रकला)

(ग) क्या नगरपालिका की उक्त अवैध कार्यवाही का विरोध करते हुए स्थानीय कलेक्टर को लिखित आवेदन-पत्र दिया गया और उन्होंने स्थगन आदेश जारी किये ?

(घ) क्या सरकार उक्त मामले की जांच कर समुचित कार्यवाही करेगी ?

मंत्री, स्वायत्त शासन (श्री बद्रीप्रसाद गुप्ता) : (क) दिनांक ३१-३-५६ को। जी हां।

(ख) दिनांक २५-२-५६ को। जी नहीं। सरक्युलर प्राप्ति के एक रोज पहले यानि दिनांक २४-२-५६ को बोर्ड द्वारा श्री मोतीलाल को ५ रु० वर्ग गज पर ३६ मुरब्बा गज भूमि दी गई है।

(ग) जी हां, स्थगन आदेश जारी नहीं किये और नगरपालिका से रिपोर्ट अवश्य मांगी गई थी।

(घ अगर आवश्यक हुआ तो जांच करवाई जावेगी।

डॉ० चन्द्रकला : नगरपालिका से रिपोर्ट कब मांगी गई ?

श्री बद्रीप्रसाद गुप्ता : कलेक्टर साहब के पास शिकायत होने पर मांगी गई।

डॉ० चन्द्रकला : शिकायत का कोई कारण नहीं था। फिर क्यों पेश की गई ?

श्री बद्रीप्रसाद गुप्ता : आपने जैसा विश्वास किया वैसा कलेक्टर साहब ने किया होगा। २४ की मिटिंग से यह प्रस्ताव पास हुआ। ऑर्डर यहाँ से होगया था लेकिन पहुँचा नहीं।

श्री उपाध्यक्ष : नेक्स्ट।

अफीमबन्दी के बाद पाली तहसील में अफीम खरीदने के परमिटों का वितरण

३१२. **श्री मूलचन्द डागा** (पाली): क्या आबकारी मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे :—

(क) राजस्थान में अफीमबन्दी के बाद पाली तहसील में किन किनको अफीम खरीदने के पर्मिट मिले हैं ? उनकी सूची सदन की मेज पर रखें ?

(ख) उक्त पर्मिट किस आधार पर दिये गये ?

(ग) क्या इन पर्मिटें को लेने के लिये किसी सरकारी डॉक्टर का सर्टीफिकेट जरूरी था ?

(घ) क्या सरकारी डॉक्टरों ने ऐसे पर्मिट देने के पहले अपनी फीस ली थी ? यदि हां, तो कितनी ?

मंत्री, स्वायत्त शासन (श्री बद्रीप्रसाद गुप्ता) : (क) सूची सदन की मेज पर रख दी गई है।

(ख) डॉक्टरी सर्टीफिकेट के आधार पर।

(ग) जी हां।

(घ) इस विषय में इस कार्यालय को कोई जानकारी नहीं है।

(कृपया परिशिष्ट ३ देखिये)

श्री मूलचन्द डागा : डॉक्टरों की राय आप आखिर क्यों मानते हैं ?

श्री बद्रीप्रसाद गुप्ता : यह रूल्स के अन्दर प्रोविजन है।

Page No.18

श्री मूलचन्द डागा : डॉक्टरों की ही ओपीनियन क्यों ली जाती है ?

श्री बद्रीप्रसाद गुप्ता : क्योंकि डॉक्टर एक्सपर्ट होते।

श्री मूलचन्द डागा : डॉक्टर इसकी फीस लेते ?

श्री बद्रीप्रसाद गुप्ता : फीस की जानकारी अभी नहीं है।

श्री सोहनलाल भटनागर (सलुम्बर) : पाली में ज्यादा अफीमची रहते हैं क्या ?

श्री मूलचन्द डागा : डॉक्टर किस आधार पर मालूम करता है कि यह अफीम खानेवाला है ?

श्री उपाध्यक्ष : नेक्स्ट।

प्रश्न संख्या ३१३

श्री नाथूलाल करोल।

(अनुपस्थित)

प्रश्न संख्या ३१४

श्री शंकरलाल।

(अनुपस्थित)

प्रश्न संख्या ३१५

श्री हुकमसिंह।

(अनुपस्थित)

डॉ० चन्द्रकला।

पेन्शन के लिए निर्धारित आयु सम्बन्धी सीमा में वृद्धि

३१६. **डॉ० चन्द्रकला** (किशनपोल बाजार, जयपुर) : क्या वित्त मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे:

(क) राजस्थान में सरकारी अधिकारियों व कर्मचारियों की पेन्शन लेने (रिटायरमेन्ट) की क्या उम्र निर्धारित की हुई है ? इसका आधार क्या है ?

(ख) क्या सरकार इस आयु सीमा को कुछ आगे बढ़ाने का विचार कर रही है ?

(ग) क्या २२ फरवरी, ५८ को अपने एक कन्वेन्शन में राजस्थान के पेन्शनर्स ने कुछ मांगें सरकार के सामने प्रस्तुत की हैं ? कृपया सूची दें सरकार ने इन मांगों पर अब तक क्या कार्यवाही की ?

(घ) क्या सरकार पेन्शनर्स की सेवाओं का उपयोग करने की कोई योजना सोच रही है ? यदि हां, तो क्या ? उसे कब तक क्रियान्वित किया जायेगा ?

उप-मंत्री, वित्त (श्री निखिलचन्द धारीवाल):(क) राजस्थान के सरकारी कर्मचारियों व अधिकारियों का लाजिमी रिटायरमेंट की उम्र ५५ वर्ष निर्धारित की हुई है। प्राय: सभी राज्यों में भी रिटायरमेन्ट की उम्र ५५ वर्ष निर्धारित है।

(ख) जी नहीं।

(ग) २२ फरवरी, सन् १६५८ को राजस्थान के पेन्शनर्स के कन्वेन्शन में पास हुए प्रस्तावों की एक कॉपी प्रेसिडेन्ट,

Page No.19

(श्री रिखबचन्द धारीवाल)

राजस्थान पीपुल्स वेलफेअर सोसाइटी के पत्र दिनांक ५-३-५६ के द्वारा प्राप्त हुई थी; जिसकी एक प्रति संलग्न है। सरकार ने १-४-५६ से १०० रु० तक पेन्शन पाने-वालों को महँगाई भत्ता वित्त विभाग की आज्ञा संख्या ७४५० । ५८ एफ १ (१७०) आर । ५६ पार्ट ए, दिनांक २१-३-५६ द्वारा दुगुना कर दिया है।

(घ) पेन्शनर्स की सेवाओं का उपयोग करने की कोई विशेष योजना सरकार के अभी विचाराधीन नहीं है। जब भी आवश्यक होता है पेन्शनर्स को पुनर्नियुक्त किया जाता है। बहुत से पेन्शनर्स की सेवाओं का इस आधार पर उपयोग किया जाता है।

(कृपया परिशिष्ट ४ देखिए)

डॉ० चन्द्रकला : रिटायरमेन्ट की उम्र जो ५५ वर्ष की रखी गई है वह इस आधार पर रखी गई कि दूसरे प्रान्तों में भी यह है या मनुष्य को कार्यक्षमता कम हो जाती है इसलिए रखी गई है ?

श्री रिखबचन्द धारीवाल : इन सभी बातों को देख कर किया गया है।

डॉ० चन्द्रकला : पेन्शनर्स एसोसियेशन ने अपनी मांग नं. २. व ३ में फ्री मेडिकल एड व फ्री एज्युकेशन की मांग की है। इस विषय में सरकार का क्या इरादा है ?

श्री रिखबचन्द धारीवाल : ऐसा नहीं किया जा सकता क्योंकि मौजूदा जो सरकारी कर्मचारी हैं उनके लिये ही ये सुविधाएँ उपलब्ध हैं।

डॉ० चन्द्रकला : क्या सरकार यह उचित नहीं समझती कि ५५ साल की उम्र के बाद मेडिकल-एड की ज्यादा जरूरत होती है इसलिए इस पर विचार करना चाहिए ?

श्री रिखबचन्द धारीवाल : सुविधा तो सब को मिलनी चाहिए, हर भारतवासी को मिलनी चाहिए लेकिन जहां तक सरकार का ताल्लुक है अभी तक केवल सरकार के नौकरों को ही यह सुविधा प्रदान की है।

श्री उपाध्यक्ष : नेक्स्ट,

आयुर्वेद विभाग द्वारा संचालित परीक्षाएँ

३१७. डॉ० बहादुरसिंह (धौलपुर) : क्या स्वास्थ्य मंत्री निम्न प्रश्न का उत्तर देने की कृपा करेंगे :

(१) आयुर्वेद विभाग कौन कौन सी परीक्षाओं का आयोजन करता है ? ये परीक्षायें भारत के किन किन विश्वविद्यालयों द्वारा मान्यता प्राप्त कर चुकी हैं ?

(२) सरकार इन्डियन मेडिसन बोर्ड, ब्रान्च राजस्थान को उक्त परीक्षाओं के आयोजन का भार क्यों नहीं देना चाहती ?

(३) भविष्य में आयुर्वेद शिक्षण के संबंध में राज्य सरकार की क्या नीति है ?

उपमंत्री, स्वास्थ्य (श्री भीखाभाई) : (१) आयुर्वेद विभाग वर्तमान में निम्न-लिखित परीक्षाओं का आयोजन करता है:—

(अ) नवीन नियमावली के अनुसार पंच-वर्षीय पाठ्यक्रम—भिषग्वर, भिषगाचार्य परीक्षायें।

Page No.20

(श्री भीखाभाई)

(ब) प्रत्यास्मरण पाठ्यक्रम : रिफ्रेशर्स कोर्स परीक्षा।

(स) उपवैद्य धात्री प्रशिक्षण परीक्षा।

भारत के विभिन्न विश्वविद्यालयों के साथ इन परीक्षाओं की मान्यता के लिए कार्यवाही चालू है।

(२) आयुर्वेदीय परीक्षाओं के स्तर को समृद्ध बनाने के लिए राजस्थान विश्व विद्यालय आयुर्वेदीय फैकल्टी का निर्माण होकर उसके द्वारा आयुर्वेदीय परीक्षाओं का संचालन किये जाने का विषय राज्य सरकार एवं विश्वविद्यालय के निर्णयाधीन है और जब राजस्थान विश्वविद्यालय में आयुर्वेदीय फैकल्टी की स्थापना न हो तब तक के लिए नवीन स्वीकृत नियमावली के अनुसार आयुर्वेदीय परीक्षाओं का पृथक् ही उच्चस्तरीय रूप मे संचालित करने की दृष्टि से विशेषज्ञ विद्वानों का एक बोर्ड आयुर्वेद विभाग के तत्वावधान में राज्य सरकार ने गठित किया है। इस परीक्षा बोर्ड के प्रावधान को राजस्थान इन्डियन मेडिसिन एक्ट की धारा ६४ के अनुसार इन्डियन मेडिसिन बोर्ड, राजस्थान के आधीन लाने का प्रश्न सरकार के विचाराधीन है। जिसकी सूचना निर्णय होने पर दी जा सकेगी।

(३) राजस्थान सरकार, राजस्थान विश्वविद्यालय में आयुर्वेद फैकल्टी का निर्माण करा आयुर्वेदीय परीक्षाओं का संचालन उसके आधीन कर आयुर्वेदीय पद्धति को समृद्ध बनाने की उदार नीति रखती है।

डॉ० बहादुरसिंह : क्या आपने जो बोर्ड बनाया है उसका रजिस्ट्रार और सेक्रेटरी भी नियुक्त किया है ?

श्री भीखाभाई : यह तो अन्तरिम व्यवस्था है। इसके लिए तो फैकल्टी बन रही है, विश्व विद्यालय से बातचीत चल रही है और फिर यह अलग बोर्ड नहीं रहेगा।

डॉ० बहादुरसिंह : मेरा प्रश्न यह है कि जो बोर्ड गठित किया गया है उसमें परीक्षा लेने के लिए सेक्रेटरी और रजिस्ट्रार की नियुक्ति की गई है क्या ?

श्री भीखाभाई : इसकी इस वक्त जानकारी नहीं है।

श्री पी० के० चौधरी (फुलेरा) : क्या यह सही है कि आपकी आयुर्वेदिक परीक्षाओं को डिपार्टमेन्ट से रिकोगनीशन नहीं किया गया है ?

श्री भीखाभाई : यह तो हमारे डिपार्टमेंट के अन्तर्गत इन्तजाम है।

श्री पी० के० चौधरी : This work has been entrusted to the the Registrar, Department Examinations and he has not recognised this examination as yet.

मंत्री, स्वास्थ्य (श्री बद्रीप्रसाद गुप्ता): जवाब में यह कहा गया कि उच्चस्तरीय बोर्ड इसके लिए नियुक्त किया है।

डॉ० बहादुरसिंह : जो बोर्ड नियुक्त किया है क्या उसका कोई रजिस्ट्रार या सेक्रेटरी है, यह आपके नॉलेज में है क्या ? यदि नहीं, तो क्या आप सरकार की तरफ से ये नहीं देते हैं इस काम के लिए ?

श्री बद्रीप्रसाद गुप्ता : जो बोर्ड बनाया गया उसका सेक्रेटरी होना चाहिए, लेकिन इस समय तहकीकी नहीं कह सकता।

डॉ० बहादुरसिंह : आपने बजट में तो व्यवस्था की होगी सेक्रेटरी की नियुक्ति के लिए ?

श्री बद्रीप्रसाद गुप्ता : यह अलग से प्रश्न है।

श्री पी० के० चौधरी : इन परीक्षाओं की स्वीकृति के लिए किस किस विश्व विद्यालय से कब से कोरसपान्डेन्स चल रहा है ?

श्री बद्रीप्रसाद गुप्ता : करीब एक साल से चल रहा है।

श्री उपाध्यक्ष : श्री मोहब्बतसिंह।

राजकीय मर्दाना अस्पताल, सिरोही

३२८. श्री मोहब्बतसिंह (सिरोही) : Will the Minister for Medical and Public Health Department be pleased to state:—

(a) Whether the Government had plans to add one seventeen beded ward to the present strength of the Government Male Hospital, Sirohi before the end of the Second Five year Plan? If so, what is the progress made so far in this direction ?

(b) Whether the Government was long ago contemplating to provide sanitary fittings in the male and female hospitals at Sirohi, and estimates were ordered for this work ? what is the progress made in this direction now ?

उप-मंत्री, स्वास्थ्य (श्री भीखाभाई) : 1. Yes, Sir, we have a plan to provide 14 additional beds to Sirohi Hospital.

2. Yes Sir. But since funds are not available the work cannot be taken in hand.

श्री मोहब्बतसिंह : When will these funds be made available by the Government ?

श्री भीखाभाई : It is a question of finance and I cannot say definitely just but this is a phased programme and accordingly the work will be taken next time.

श्री भानसिंह (बयाना) : (अश्रव्य)

श्री मोहब्बतसिंह : Does the Government contemplate it to take in the next years' budget ?

श्री भीखाभाई : That is what I have just expressed, Sir.

श्री उपाध्यक्ष : नेक्स्ट। श्रीमती गंगादेवी डाटा।

सरकारी कर्मचारी बीमा योजना

३२६. श्रीमती गंगादेवी डाटा (रामगढ़) : क्या अर्थ मंत्री निम्न प्रश्न का उत्तर देने की कृपा करेंगे:

(१) सरकार ने राजस्थान सरकारी कर्मचारी बीमा योजना कब से लागू की है ?

(२) इस योजना के मातहत वार्षिक प्रीमियम कितना आता है ?

Page No.22

(श्रीमती गंगादेवी डाटा)

(३) योजना लागू करने के बाद से कितनी बार वेल्यूएशन करके बोनस पॉलिसी होल्डर्स में बांटा जा चुका है ? इसकी अन्तिम सूची (रिपोर्ट) सदन की मेज पर रखने की कृपा करें।

(४) क्या राजस्थान सरकार सरकारी कर्मचारियों के हित में इस बीमा योजना को लाइफ इन्श्योरेन्स कॉरपोरेशन ऑफ इन्डिया में दर्ज (मर्ज) करने के विषय में सक्रिय विचार कर रही है ?

(५) यदि हां, तो यह कदम कब तक उठा लिया जायेगा ?

(६) क्या राजस्थान सरकार उन सरकारी कर्मचारियों को जिन्होंने अपनी नियुक्ति की पुष्टि से पूर्व एल० आई० सी० ऑफ इन्डिया में बीमा करवा लिया है, उनको इस योजना के अन्तर्गत बीमे के लिए बाध्य नहीं किया जावेगा, ऐसा निश्चय व आश्वासन एल० आई० सी० ऑफ इन्डिया के उच्च अधिकारियों को दिया है ? यदि हां, तो क्या इस प्रकार का परिपत्र व उचित आदेश सब विभागों को दिये गये हैं ?

उप-मंत्री, वित्त (श्री रिखबचन्द धारीवाल) : (१) पहले जयपुर राज्य में जो अनिवार्य सरकारी कर्मचारी योजना लागू थी उसी को समस्त राजस्थान में १-१-१६५४ से लागू कर दिया है।

(२) इस योजना के मातहत इस समय वार्षिक प्रीमियम ५१,००,०००) रु० आता है।

(३) अब तक दो बार वेल्यूएशन हो चुके हैं और बोनस पॉलिसी होल्डर्स में बांटा जा चुका है। पहला वेल्यूएशन ३१-८-१६४६ तक व द्वितीय वेल्यूएशन ३१-३-१६५३ तक किया जा चुका है। बीमा नियमानुसार हर ५ साल के बाद वेल्यूएशन होना चाहिए। अब ३१-३-१६५८ तक का वेल्यूएशन कराना है जिसकी कार्यवाही की जा रही है। वेल्यूएशन रिपोर्ट ३१-३-१६५३ की संलग्न है।

(४) नहीं। यह बीमा योजना राजस्थान सर्विस रूल्स की धारा २१ के अन्तर्गत चालू की गई है जो कि नौकरी की एक अनिवार्य धाराओं में से है। यह योजना सरकारी कर्मचारियों के लिए लाइफ कॉरपोरेशन ऑफ इन्डिया से ज्यादा लाभदायक है। अतः इस योजना को लाइफ कॉरपोरेशन ऑफ इन्डिया में (मर्ज) विलीनीकरण करवा दिये जाने के विषय में विचार करने का प्रश्न नहीं उठता।

(५) प्रश्न ही नहीं उठता।

(६) वे कर्मचारी जिन्होंने अपनी नियुक्ति की पुष्टि से पहले लाइफ इन्श्योरेन्स कॉर्पो० ऑफ इन्डिया में बीमा करवा रखा है, उन्हें भी इस योजना के अन्तर्गत बीमा करवाना अनिवार्य होगा। चूंकि राज्य बीमा समस्त स्थायी कर्मचारियों के लिए अनिवार्य है, नियुक्ति की पुष्टि से पूर्व बीमा हुए कर्मचारियों को छूट मिल सकेगी ऐसा कोई आश्वासन लाइफ इन्श्योरेन्स कॉर्पोरेशन ऑफ इडन्या को नहीं दिया गया है।

(कृपया परिशिष्ट ५ देखिये)

श्रीमती गंगादेवी डाटा : जो पहली बार वैल्यूएशन हुआ है उसकी कितनी रकम

(श्रीमती गंगादेवी डाटा)

प्रति हजार के ऊपर पॉलिसी होल्डर्स को बांटा गई है ?

एक माननीय सदस्य : सुना नहीं।

श्रीमती गंगादेवी डाटा : यह जो पहली बार वैल्यूएशन हुआ है उसकी कितनी रकम पॉलिसी होल्डर्स को प्रति हजार के ऊपर बाँटी गई है ?

श्री रिखबचन्द धारीवाल : यह जो वैल्यूएशन की रिपोर्ट है उसी में दर्ज है। आप उसका मुलाहिजा कर लीजिए।

श्रीमती गंगादेवी डाटा : मैं सन् १६४६ की जानना चाहती हूं, पहली बार की।

श्री रिखबचन्द धारीवाल : यह पॉलिसी रिपोर्ट ३१-८-४६ और ३१-३-१६५३ की तैयार है। इससे पहले का, ३१-८-४६ की रिपोर्ट इस समय मेरे पास नहीं है इसलिए मैं नहीं कह सकता।

श्रीमती गंगादेवी डाटा : जो सन् १६५३ में सिफारिश की गई है क्या उसके ऊपर कोई अमल हुआ है ?

श्री रिखबचन्द धारीवाल : यह जो सिफारिश की गई है उसके ऊपर बराबर अमल हुआ है।

श्रीमती गंगादेवी डाटा : क्या इसकी सूचना आपने पॉलिसी होल्डर्स को कभी दी ?

श्री रिखबचन्द धारीवाल : इसके बारे में ? पॉलिसी होल्डर्स को सूचना देना जरूरी नहीं है।

श्रीमती गंगादेवी डाटा : इस बात की सूचना कि आपका बोनस इतना डिक्लेयर किया गया है और जो बोनस डिक्लेयर हुआ है वह उनको दिया भी जायेगा या नहीं ?

श्री रिखबचन्द धारीवाल : बोनस बराबर डिक्लेयर किया गया है और इसकी सूचना पॉलिसी होल्डर्स को है और जो बोनस डिक्लेयर हुआ है वह उनको दिया जा चुका है व बाकी होगा तो दिया जावेगा।

श्रीमती गंगादेवी डाटा : आखिर डैथ क्लेम्स भी तो आये होंगे क्या उनको आपने ५६ के बाद में बोनस बांटा ?

श्री रिखबचंद धारीवाल: बोनस उनको दरअसल में बांटा गया है या नहीं इसकी सूचना तो नहीं है लेकिन जो बोनस की वैल्यूएशन या एक्चुएली रिपोर्ट के अनुसार दिया गया है उसके अनुसार बराबर कार्यवाही की गई है।

श्रीमती गंगादेवी डाटा : सन् १६५३ में आपने बोनस डिक्लेयर किया। आपने सिफारिश की है उसके बाद में भी आपके पास में डैथ क्लेम्स आये होंगे तो बोनस उनको दिया या नहीं, आपने उनका बोनस जोड़ा या नहीं ?

श्री रिखबचंद धारीवाल : सन् १६५३ के बाद में ऐसे केसेज आये हैं उनके अन्दर यह दिया गया है या नहीं दिया गया है इसकी हर एक की मेरे पास में इस वक्त जानकारी नहीं है।

Page No.24

श्रीमती गंगादेवी डाटा : माननीय उपाध्यक्ष महोदय, यह तो बहुत ही विचारणीय विषय है जो कि हजारों इन्सानों के लिए बहुत जरूरी है। एक तरफ तो २० पर्सेन्ट देते हैं और आप १० परसेन्ट देते हैं और आपको पता ही नहीं कि बोनस बांटते है या नहीं बांटते हैं तो इस कन्फ्यूजन को तो आपको दूर करना चाहिए।

श्री रिखबचंद धारीवाल : मैंने निवेदन किया कि दर असल डेथ क्लेम वालों को बांटा गया है या नहीं यह तो प्रश्न आपने पूछा भी नहीं है।

कुछ माननीय सदस्य : पूछा है।

श्री पी० के० चौधरी (फुलेरा) : This was asked in the question. It was very clear, Sir, whether the bonus was distributed and if the Hon'ble Dy. Minister is unable to reply it is very ridiculous.

श्री रिखबचंद धारीवाल : There is nothing to become too hot. I have already said that...

श्री पी० के० चौधरी: No, the Hon'ble Minister should give a clear reply It was asked whether the bonus was distributed or not ?

श्री रिखबचंद धारीवाल : I cannot give this information because this information is not with me in respect of death claims.

श्री पी० के० चौधरी: It is his responsibility and he should give that reply.

श्रीमती गंगादेवी डाटा : उपाध्यक्ष महोदय, मैंने प्रश्न के तीसरे भाग में स्पष्ट पूछा है कि योजना लागू करने के बाद में कितनी बार वैल्यूएशन करके बोनस पॉलिसी होल्डर्स में बांटा जा चुका है इसकी अन्तिम सूचि (रिपोर्ट) सदन की मेज पर रखने की कृपा करें। आपने सूची तो दी है। आपने सन् ५३ में डिक्लेयर किया है, १० पर्सेन्ट की सिफारिश की है। अगर सिफारिश की है तो उस पर अमल हुआ या नहीं? अगर अमल हुआ तो भी डेथ क्लेम्स आते हैं उन पॉलिसी होल्डर्स को डेथ क्लेम्स के साथ में बोनस दिया या नहीं दिया?

श्री उपाध्यक्ष : 'Mananiya Sadasya, has got a grip over the subject ......

श्रीमती गंगादेवी डाटा : यह तो राजस्थान के जितने भी कर्मचारी हैं उनके लिए बहुत ही आवश्यक चीज है, वे सब कन्फ्यूजन में हैं।

श्री उपाध्यक्ष : मैं भी महत्वपूर्ण समझता हूं।

श्री पी० के० चौधरी : It is a very inportent question the Hon' ble Member has raised.

श्री रिखबचन्द धारीवाल : I think the answer is very clear, अब दो बार वेल्यूएशन हो चुका। अब बोनस पॉलिसी होल्डर्स में बांटा जा चुका है। इसके बारे में आप कोई स्पेसिफिक पॉलिसी होल्डर के बारे में पूछें तो मेरे पास रिप्लाई नहीं है। I have already replied and the Hon'ble Memebr is unnecessarily insisting upon it.

Page No.25

श्री पी० के० चौधरी : When it was distributed.

श्री रिखबचन्द धारीवाल : That I cannot say ...... कब बांटा गया यह नहीं कह सकते। किसी पर्टीक्यूलर पॉलिसी होल्डर्स के बोनस के लिए पूछते तो इसकी सूचना दी जा सकती थी।

श्री भोलानाथ (लछमणगढ) : यह माननीय अध्यक्ष (हंसी) को जो वेल्यूएशन की रिपोर्ट दी है उसके पेज ७ पर लिखा है...

श्री पुरुषोत्तमलाल शर्मा (किशनगढ): यह माननीय अध्यक्षा यहां से आ गई ?

श्री उपाध्यक्ष : I hope a little more attention is to be paid to the Chair.

श्री भोलानाथ ; आपको जो वेल्यूएशन की रिपोर्ट दी है उसमें सिफारिश की गई है १० पर्सेन्ट का बोनस बांट दिया जाना चाहिये तो सवाल यह है कि सिफारिश के मुताबिक कोई बोनस बांट गया है या नहीं।

श्री रिखबचन्द धारीवाल : मैंने कहा कि बांटा जा चुका है और काफी को बांट भी दिया गया है। आप फिर भी इस पर इनसिस्ट कर रहे हैं।

श्री पी० के० चौधरी : In which year? किस साल में बांटा है आपने ?

श्रीमती गंगादेवी डाटा : क्या यह आप बराबर बांट रहे हैं।

श्री भोलानाथ : उपाध्यक्ष महोदय, यह उत्तर दिलाने की कृपा कराईये कि क्या यह १० पर्सेन्ट की सिफारिश सरकार ने मान ली है क्या वेल्यूएशन की रिपोर्ट के अनुसार ? वेल्यूएशन की रिपोर्ट के पेज ७ पर पैरा १ मार्क किया हुआ है।

श्री रिखबचन्द धारीवाल : जी हां, यह सिफारिश १० पर्सेन्ट की मान ली गई और बोनस बांटा गया।

श्री उपाध्यक्ष : नेक्स्ट। श्री दयाकृष्ण-विजय।

श्रीमती गंगादेवी डाटा : उपाध्यक्ष महोदय, एक बात और है.......

श्री उपाध्यक्ष : अब आप मिल लीजिए आपसे। इस विषय में और भी बहुत सी बातें होंगी।

ग्राम रायपुर तहसील शाहबाद (कोटा) में पानी का अभाव

३२०. **श्री दयाकृष्ण विजय** (छबड़ा): क्या स्वायत्त शासन मंत्री निम्न प्रश्न का उत्तर देने की कृपा करेंगे ;-

(१) क्या यह सही कि ग्राम रायपुर, तहसील शाहबाद, जिला कोटा में जनता को पानी का कष्ट है।

(२) क्या यह सही कि जल बोर्ड की ओर से सन् १६५६-५७ में कुंआ खोदने के लिए रकम दी गई थी ? यदि हां, तो कितनी।

(३) क्या यह सही है कि अभी तक कुंए में पानी नहीं निकला है।

(४ उक्त कुंए पर कितनी रकम व्यय हो चुकी है।

Page No.26

(श्री दयाकृष्ण विजय)

(५) क्या सरकार तहसील के इस बड़े ग्राम में पानी की व्यवस्था के लिए कोई और योजना बना रही है यदि हां, तो क्या।

मंत्री, स्वायत्त शासन (श्री बद्रीप्रसाद-गुप्ता) ; (१) जी हां।

(२) जी हां। ५,७५०) रु० दिया गया था।

(३) जी हां।

(४) ६,०००) रुपये।

(५) वर्तमान समय में तो ऐसी कोई योजना नहीं है।

श्री दयाकृष्ण विजय : क्या सरकार ६,०००) रु० व्यय करने के बाद में भी उचित नहीं समझती कि जो पानी के लिए योजना बनाई जा रही है उसको पूरा किया जाय।

श्री बद्रीप्रसाद गुप्ता : यह पहले भी सदन को सूचना दी जा चुकी है कि यह काम डिस्ट्रिक्ट डवलेपमेंट कमेटी को सौंप दिया गया है। यह तो उनको देखना चाहिये कि किस को पूरा कराना चाहिये, किस को नहीं।

श्री दयाकृष्ण विजय : क्या सही है कि पानी की योजना काफी समय से चल रही है और अभी तक पूरी नहीं हो पाई है और इसके लिए डिस्ट्रिक्ट डवेलपमेंट कमेटी में सब कुछ हो चुका है। क्या दूसरी जगह से पानी लाया जा सके इसके लिए योजना लानी चाहिये।

श्री बद्रीप्रसाद गुप्ता : पहले तो इस काम को वाटर बोर्ड करता था अब उनका सारा रुपया डिस्ट्रिक्ट डेवेलपमेंट कमेटी को ट्रांसफर कर दिया गया है और उनको इस मामले में कार्यवाही करनी चाहिये और माननीय सदस्य भी उसके सदस्य हैं उनको उससे कह कर इस काम को कराना चाहिये।

श्री उपाध्यक्ष : श्री बेनाराम.

पंचायतों को गोचर भूमि नीलाम करने सम्बन्धी अधिकार

३२१. श्री बेनाराम गहलोत (खारची): क्या स्वायत्त शासन मंत्री निम्नलिखित प्रश्न का उत्तर देने की कृपा करेंगे :

क्या गोचर भूमि से लूंग, पालड़ी, पाला आदि नीलाम करना पंचायत के अधिकार में है। यदि हां, तो पंचायत अधिनियम की कौन सी धारा के अन्तर्गत है।

उप-मंत्री स्वायत्त शासन (श्री दौलत राम सारण) : जी हां, राजस्थान पंचायत अधिनियम सन् १९५३ की धारा २४ (११) के अन्तर्गत।

१२ मध्यान्ह

पाबूबारी, बीकानेर के पास रहने वाले मेघवालों के मकानों के स्थायी पट्टे

३२२. श्री मुरलीधर व्यास (बीकानेर-सिटी) : क्या राजस्व मंत्री निम्नलिखित प्रश्न का उत्तर देने की कृपा करेंगे :

क्या बीकानेर की मेघवाल जाति के लोगों ने जो पाबूबारी के पास रहते हैं मकानों के अलग अलग स्थायी पट्टे बनाने के संबंध में राजस्थान सरकार के

(श्री मुरलीधर व्यास)

पास कोई प्रार्थना पत्र भेजा है ? यदि हां, तो इस पर सरकार ने क्या कार्यवाही की ?

मंत्री, राजस्व (श्री दामोदरलाल व्यास): जी हां। सरकार इन लोगों को निम्नलिखित शर्तों पर पट्टा जारी कर रही थी:—

(१) ये लोग एक रुपया प्रति पट्टा के हिसाब से शुल्क देवें।

(२) जिस कार्य में भूमि आ रही थी उसी कार्य में आती रहेगी।

(३) इस भूमि को किसी को भी मुस्तकिल न कर सकेंगे।

परन्तु इन लोगों ने इन शर्तों पर भूमि लेने से इन्कार कर दिया।

श्री मुरलीधर व्यास : जिस स्थान पर ये लोग रहते हैं वहां वे कितने वर्षों से रह रहे हैं ?

